प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में कुक्कुट पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

विश्वविद्यालय में पशुजन स्वास्थ्य एवं जानपादिक विभाग, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञाान महाविद्यालय द्वारा 19–20 जनवरी, 2024 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित, बैकयार्ड कुक्कुट पालन के विकास हेतु उत्तराखण्ड के जनजातीय परिवारों की सतत आजीविका एवं आर्थिक सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत आयोजित कुक्कुट पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, डा. ए.के. उपाध्याय, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु जन स्वास्थ्य एवं जानपादिक विभाग, डा. राजीव रंजन, सह प्राध्यापक, पशु परजीवी विज्ञान विभाग, डा. पी. प्रभाकरण, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशुधन उत्पाद प्रोद्योगिकी विभाग, डा. एस.के. सिंह, प्राध्यापक, पशुधन उत्पादन प्रबन्धन विभाग एवं संयुक्त निदेशक शैक्षणिक कुक्कुट फार्म, डा. आर.के शर्मा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशुधन उत्पादन प्रबन्धन विभाग, डा. राजेश कुमार, प्राध्यापक, पशु चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग विभाग, डा. अमित प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, पशु औषधि विभाग, डा. ए.के. उपाध्याय, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु जन स्वास्थ्य एवं जानपादिक विभाग द्वारा व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. मानसी, परियोजनाधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक, पशु जन स्वास्थ्य एवं जानपादिक विभाग ने किया। डा. शिव कुमार, सह–परियोजनाधिकारी एवं प्राध्यापक, पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग ने धन्यवाद दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दोनों दिवसों में ऊधमसिंह नगर जिले के कुल 99 जनजातीय किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को चूजे, पानी पिलाने एवं दाना खाने वाले बर्तन, दवायें, दाना एवं लेखन सामग्री वितरित की गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणर्थियों को जानकारी देते वैज्ञानिक।

निदेशक संचार